## महत्वपूर्ण एवं खास

### नशीली टैबलेट के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** नशीली टैबलेट के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से बड़ी मात्रा में नशे के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाला नशीला टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लंबे समय से नशे का टैबलेट का कारोबार करने वाले आसिब खान 33 वर्ष पिता अब्दुल खान व मोसिद खान 25 वर्ष पिता महरूज खान को नेहरूनगर कालीबाड़ी के पास से नशीली टैबलेट नाइट्रोटेन व अन्य नशे के लिए उपयोग किये जाने वाले टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया है एवं शेख सलमान 24 वर्ष पिता मोहम्मद शेख चांद को मोवा से नशीली टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### ट्रक की ठोकर से कार सवार 4 घायल, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से कार सवार तीन लोगों के घायल हो जाने की रिपोर्ट सेज बहार थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार एचआईजी सेक्टर 4 डीडी नगर निवासी पंकज सेंद्रे 45 वर्ष पिता स्व.सदासिंह सेंद्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 जुलाई को कार से पत्नी व बहन एवं मां के साथ कार से जाते समय ग्राम डुण्डा मुजगहन में तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार ठोकर मार दिया। जिसके चलते कार क्षतिग्रस्त हो गई व प्रार्थी एवं उसकी मां एवं पत्नी व बहन घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ 279, 337 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन ने साइकिल सवार को मारी ठोकर, इलाज के दौरान मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** साइकिल से जा रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो जाने पर ट्रक चालक के खिलाफ मर्ग कायम किया है। मिली जानकारी के अनुसार हीरापुर रायपुर निवासी मनोज यादव 40 वर्ष पिता रामनाथ यादव को साइकिल से जाते समय कबीर नगर रिंग रोड गेट नंबर एक के पास तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन क्रमांक एमएच 40 बीजी 3754 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया जिसके चलते युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो जाने पर ट्रेलर चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत मर्ग कायम किया गया है।

### दहेज में 5 लाख रुपये लाए जाने की बात कहकर पत्नी को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** विवाह के बाद मायके से 5 लाख रुपए लाने की बात कहकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अमलीडीह न्यू राजेंद्र नगर निवासी महिला 38 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 21 दिसंबर 2011 से लेकर 24 अप्रैल 2019 के बीच जोरा तेलीबांधा निवासी पति राहुल तांडेकर पिता लक्ष्मीचंद तांडेकर ने प्रार्थियां को मायके से पांच लाख रुपए मांगकर लाने की बात कहकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 498 ए के तहत अपराध कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### अश्लील वीडियो व मेसेज भेजकर कर रहा था परेशान, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** महिला को अश्लील वीडियो व मैसेज भेजकर परेशान किए जाने की रिपोर्ट देवेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार त्रिमूर्ति नगर फाफाडीह निवासी महिला 26 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि तीन जुलाई से 23 जुलाई के बीच मोबाइल फोन क्रमांक 91049-26997 के धारक ने प्रार्थियां के मोबाइल फोन पर लगातार अश्लील वीडियो व मैसेज भेजकर परेशान कर रहा था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोबाइल फोन धारक के खिलाफ 509 ख के तहत अपराध कायम कर मामले को जांच लिया है।

# राज्य के कुछ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**» बस्तर के कुछ जिलों में भी सतर्कता बरतने का निर्देश » कम दबाव क्षेत्र के साथ ही चक्रवाती सिस्टम सक्रिय**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में आने वाले चौबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश तथा एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाकों में रूक-रूककर एक या दो बार हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है।

मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो इस समय मानसूनी द्रोणिका पलौदी, अलवर, आगजना, बंडा, चुरू, गया, पुरूलिया से होते हुए कम दबाव क्षेत्र के मध्य भाग से होते हुए उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और इसके आसपास के इलाकों के साथ ही तटीय



पश्चिम बंगाल से लेकर दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी से समुद्र सतह से करीब 1.5 किमी की ऊंचाई से गुजर रही है। वहीं कल बना चक्रवाती सिस्टम जो कि बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग में सक्रिय था, विकसित होकर आज कम दबाव क्षेत्र में तब्दील हो गया है। वर्तमान में यह सिस्टम उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, इसके आसपास के इलाकों के साथ ही पश्चिम बंगाल के तटीय इलाके तक फैल गया है तथा ऊपरी हवा में 7.6 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय बना हुआ है। वहीं एक दूसरा चक्रवाती सिस्टम जो कि दक्षिणी उत्तरप्रदेश और इसके आसपास के इलाकों में ऊपरी हवा में 5.8 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय था आज भी सक्रिय बना हुआ है और पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ सकता है। वहीं एक द्रोणिका जो कि चक्रवाती घेरा और कम दबाव क्षेत्र से होते हुए गुजर रही है यह उत्तरी राजस्थान, झारखंड, उत्तरी छत्तीसगढ़ से होते हुए दक्षिणी उत्तरप्रदेश, इसके आसपास के इलाकों से होते हुए दक्षिणी दिशा में आगे बढ़ रही है और यह ऊपरी हवा में 3.1 किमी से लेकर 7.6 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है।

इधर मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों के लिए यलो अलर्ट जारी करते हुए बस्तर के कुछ इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चौबीस घंटों के दौरान बस्तर जिले के अलावा बीजापुर, सुकमा, कांकेर जिले में तेज बारिश हो सकती है। इसके अलावा प्रदेश में मानसूनी गतिविधियों में तेजी आने का संकेत देते हुए अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश तथा कहीं-कहीं पर भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

## बघेल ने राशनकार्ड नवीनीकरण की तिथि बढ़ाने की मांग की

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल ने मुख्यमंत्री व खाद्यमंत्री को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए आवेदन जमा करने की तिथि बढ़ाने की मांग की है, क्योंकि बड़ी संख्या में लोगों का आधार कार्ड नहीं है। यदि समय पर आधार कार्ड नहीं बन पायेगा तो बड़ी संख्या में लोग योजना का लाभ लेने से वंचित हो जायेंगे।



बविप्रा अध्यक्ष श्री बघेल ने चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए आवेदन जमा करने की तिथि 29 जुलाई निर्धारित किया है। राशन कार्ड नवीनीकरण आवेदन में सभी सदस्यों का आधार कार्ड होना अनिवार्य है, लेकिन कई परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड नहीं है। इन दिनों लोक सेवा केंद्रों में आधार कार्ड बनवाने लोगों की भीड़ लग रही है। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री व खाद्यमंत्री को पत्र लिखकर आवेदन जमा करने की तिथि 15 अगस्त तक बढ़ाने की मांग की है।

## पांच लाख के गांजा समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** नगरनार पुलिस ने ओड़िशा की ओर से टाटा सूमो वाहन में एक क्विंटल गांजा परिवहन करते हुए दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। उत्तरप्रदेश निवासी दोनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि सूमो क्रमांक सीजी 07 टी-4171 में कुछ लोग गांजा परिवहन कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस चौकस हो



गई और टीआई एमन साहू के नेतृत्व में टीम ने एनएच-63 में मोबाइल चेकपोस्ट लगाकर धनपुंजी की दिशा से आ रही वाहनों की तलाशी लेनी शुरू की। कुछ देर बाद पुलिस को देख एक सूमो का चालक तेज रफ्तार से भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पीछा कर रोका गया। वाहन में दो व्यक्ति मौजूद थे। इनकी शिनाख्त शर्मा यादव व हरेंद्र चौहान निवासी कुशीनगर उत्तरप्रदेश के रूप में हुई। वाहन की तलाशी लेने पर पिछली सीट में पैकेटों में रखा गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा का तौल करवाने पर उसका वजन एक क्विंटल सात किलो पाया गया। जब्त गांजा की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार के मुताबिक पांच लाख 35 हजार रूपये आंकी गई है। आरंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ओडिसा से गांजा खरीदकर उत्तरप्रदेश में खपाने के प्रयास में थे। वे इसके पहले भी बस्तर के रास्ते से गांजा की खेप पार कर चुके हैं। उनका संबंध अंतरराज्यीय गांजा तस्करों से भी होना बताया जा रहा है।

कार्रवाई के दौरान सउनि पुनीत शुक्ला, सतेंद्र बेंजाम, सुखेंद्र मिर्जा, आरक्षक अनंत राम बघेल, यशवंत धुव्र, देवचंद नाग, खेमचंद साहू, पवन नेताम, साधुराम, मनोज कश्यप, जगन्नाथ नाग आदि मौजूद थे।

## जाति प्रमाण पत्र की अड़चनें दूर करने राज्य शासन ने किया पांच सदस्यीय टीम का गठन

**» रामपुकार सिंह की अध्यक्षता में दल करेगा दूसरे राज्यों के प्रावधानों का अध्ययन**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में निवासरत ऐसे लोग जिनके पास जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भूअभिलेख दस्तावेज नहीं हैं और यदि वे अनुसूचित जाति अथवा जनजाति वर्ग से आते हैं तो उनका जातिप्रमाण पत्र भी अब बन सकेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने अजा और अजजा वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायकों की पांच सदस्यी टीम गठित कर दी है। यह टीम बिहार, झारखंड और उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों का भ्रमण करेगा और जाति प्रमाण पत्र के संबंध में इन राज्यों में लागू प्रावधानों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंप देगा। इसके पश्चात राज्य शासन इन प्रावधानों का परीक्षण कराने के बाद इसे छत्तीसगढ़ में भी लागू कर सकेगा।



इस समिति की अध्यक्षता वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह करेंगे। रामपुकार सिंह के नेतृत्व में गठित समिति बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश आदि राज्यों का भ्रमण कर वस्तुस्थिति से अवगत होंगे। इसके साथ ही वे प्रत्येक राज्यों में जाति प्रमाण पत्र के लिए लागू नियमों और प्रावधानों का भी अध्ययन करेंगे और इसके पश्चात अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपे देंगे। ज्ञात हो कि इन राज्यों में अत्यधिक संख्या में अजा और अजजा वर्ग के लोग निवासरत हैं और छत्तीसगढ़ में भी इन वर्गों की संख्या काफी अधिक है। परंतु कईयों के जाति प्रमाण पत्र ना बन पाने की बड़ी वजह भू अभिलेख का अभाव होता है। ऐसे लोग बड़ी संख्या में है जो अजा अथवा अजजा वर्ग के हैं पर उनके पास मान्य प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक अभिलेख नहीं है। यह समिति इस मसले को लेकर अध्ययन करेगी और अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

## गोंदिया-बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस 28 से एक एक्स्ट्रा ऐसी कोच के साथ चलेगी



**रायपुर (आरएनएस)।** गोंदिया और बरौनी के मध्य फेरे लगाने वाली एक्सप्रेस गाड़ी 15231-15232 आगामी 28 जुलाई से एक एक्स्ट्रा एसी थ्री कोच के साथ चलेगी। रेलवे प्रशासन ने यह सुविधा इस गाड़ी में अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए दी है। एक्स्ट्रा एसी थ्री कोच के साथ यह गाड़ी 28 जुलाई को बरौनी से रवाना होगी, जबकि 29 जुलाई से गोंदिया से। यह सुविधा स्थायी रूप से की गई है।

## चीतल शिकार के आरोप में 5 ग्रामीण गिरफ्तार

**महासमुंद (आरएनएस)।** देवपुर वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने चीतल शिकार के आरोप में ग्राम अचानकपुर के 5 ग्रामीणों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चीतल का सिर एवं सींग जब्त की है।


जानकारी के अनुसार मंगलवार रात देवपुर परिक्षेत्र के ग्राम अचानकपुर के कुछ ग्रामीणों ने कुत्ते के काटने से घायल एक चीतल को दौड़ाया जिससे चीतल देवहिल के पीछे घायल होकर बैठ गया। इसकी जानकारी अचानकपुर के ग्रामीणों को मिलते ही कुछ ग्रामीण घटनास्थल पहुंच कर घायल चीतल को लाठी-डंडे से मारकर जंगल की ओर ले गए जहां हिरण को मारकर आपस में बांट लिए।

वन विभाग की टीम ने हिरण शिकार की सूचना पर जंगल के कक्ष क्रमांक 253 में चीतल को काट कर रखे सींग को आरोपियों की निशानदेही पर जब्त की है।

## ढाई लाख पेन कार्ड धारियों में जिले में 20 हजार लोग ही जमा कराते हैं आयकर

**जगदलपुर जुलाई (आरएनएस)।** बस्तर जिले में 20 हजार के लगभग लोग ही आयकर जमा कराते हैं और करीब ढाई लाख लोगों ने पैन कार्ड बनवाकर रखा हुआ है। आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या भी कम है और 57 हजार लोगों द्वारा ही आयकर रिटर्न जमा कराया जाता है। आयकर विभाग अपने दायरे में अधिक से अधिक वृद्धि करने की कोशिश कर रहा है और यहां पर आयकर उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ नहीं पा रही है।

उल्लेखनीय है कि संभागीय मुख्यालय में 20 हजार लोग ही ऐसे हैं, जो आयकर भुगतान की सीमा में आते हैं और इनके द्वारा आयकर पटाया जाता है। रिटर्न भरने वाले अधिकांश लोग आयकर में दी गई छूट का लाभ उठा मात्र रिटर्न ही भरते हैं। इसी सिलसिले में आयकर रिटर्न नियमित रूप से दाखिल करने को लेकर आयकर विभाग लगातार लोगों को जागरूक करता रहता है। विभाग ने इस सिलसिले में शहर के स्कूल-कॉलेजों में भी युवाओं और बच्चों को जागरूक करने का अभियान चलाया। इस संबंध में आयकर दिवस के अवसर पर विभाग के कार्यालय में लोगों की



समस्याओं और शिकायतों का निराकरण करने मुहिम भी चलाई जाएगी। इस संबंध में आयकर अधिकारी लैजु जेकब ने बताया कि करदाता ई-सहायता अभियान लोगों के लिए ऐसी सुविधा है, जिससे करदाता अपने घर या दफ्तर में बैठकर मोबाइल या कंप्यूटर पर इंटरनेट की मदद से अपना रिटर्न जमा कर सकता है।

## ऐक्टिंग में आप खुद को भूल जाते हैं: सारा अली खान

'केदारनाथ' और 'सिम्बा' जैसी फिल्मों से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाली ऐक्ट्रेस सारा अली खान का कहना है कि वह पर्दे पर हर तरह के किरदार निभाना चाहती हैं। सारा ने कहा, 'मैं सबकुछ करना चाहती हूं। मैं संजय लीला भंसाली संग किसी पीरियड फिल्म पर काम करना चाहूंगी, शहरी जीवन से संबंधित कोई फिल्म करना चाहूंगी, रोमांटिक कॉमिडी, कमर्शल मसाला फिल्मों में भी काम करना पसंद करूंगी और शायद ऐक्शन और थ्रिलर में भी हाथ आजमाना पसंद करूंगी।'

आने वाले समय में सारा, इम्तियाज अली की फिल्म 'लव आज कल' के सीक्वेल में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी। बॉलिवुड में अपने अब तक के सफर के बारे में सारा ने कहा, 'ऐक्शन और कट के बीच में सबसे रोमांचक चीज यह है कि आप भूल जाते हैं कि आप कौन हैं। आप किसी और की जिंदगी, किसी और की कहानी और किसी और के चरित्र को बखूबी निभाने की कोशिश करते हैं और आप वही बन जाते हैं।



सारा ने आगे कहा, 'इस तरह से यह प्रफेशन हमें कई सारी जिंदगियों को जीने और कई सारे अनुभव के होने का मौका देता है।' इस दौरान सारा ने अपनी डेब्यू फिल्म 'केदारनाथ' की शूटिंग को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'केदारनाथ में चरित्र को बहुत ही खूबसूरत तरीके से लिखा गया था और इसे बेहतरीन ढंग से बनाया गया। इस चरित्र के बारे में सुनने के बाद मैं मुक्कू के किरदार को न निभाने की कल्पना भी नहीं कर सकती थी।' सारा ने कहा कि यह किरदार हमेशा उनके दिल के करीब रहेगा।

## प्रणाम में गैंगस्टर के लुक में दिखे राजीव खंडेलवाल



बॉलिवुड ऐक्टर राजीव खंडेलवाल की फिल्म प्रणाम का टीजर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। फिल्म के निर्माता रजनीश राम पुरी हैं। फिल्म में राजीव एक ऐसे शख्स की भूमिका निभा रहे हैं जो बचपन से आईएएस ऑफिसर बनना चाहता है लेकिन उसकी जिंदगी में ऐसा मोड़ आता है कि वह आईएएस की जगह गैंगस्टर बन जाता है।

फिल्म में अतुल कुलकर्णी, अभिमन्यु सिंह और विक्रम गोखले जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। इस टीजर में राजीव दमदार डायलॉग के साथ जबरदस्त ऐक्शन करते नजर आ रहे हैं। टीजर में अतुल कुलकर्णी और अभिमन्यु सिंह भी जबरदस्त डायलॉग बोलते दिख रहे हैं। फिल्म की पूरी शूटिंग लखनऊ में की गई है।

इससे पहले राजीव फिल्म आमिर और टेबल नं 21 जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। प्रणाम के निर्माता अनिल सिंह, नितिन मिश्रा और रजनीश राम पुरी हैं।

## सिर्फ मोटापा ही नहीं, हार्ट और हड्डियों के लिए भी खतरनाक है बर्गर

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में जंक फूड कब हमारे रूटीन में शामिल हो जाते हैं, पता भी नहीं चलता है। आजकल बर्गर हर किसी के फेवरिट फूड्स में से शामिल है। काम के बीच में अगर आपको भूख लगती है तो आपकी मदद के लिए बर्गर तुरंत आ जाता है। ज्यादातर लोग बर्गर खाने के खतरों से अनजान हैं।

बर्गर आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है भले ही आप इसे कभी-कभी ही क्यों ना खाते हों। दरअसल बर्गर में कई ऐसे तत्व होते हैं जो रोगों से लड़ने की क्षमता को कमजोर करते हैं। फास्ट फूड में आम तौर पर अत्यधिक संतृप्त और ट्रांस फैटी ऐसिड होते हैं जो रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रभावित करते हैं।

**हाई बीपी और हृदय रोग का खतरा** – पर्याप्त फल खाने से ऐसी बीमारियों से बचा जा सकता है। यह ऐसा भोजन, जो संतृप्त वसा से भरा हुआ है, आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इस वसायुक्त भोजन को लगातार करने से धमनियां काफी बिगड़ जाती हैं। इससे ब्लड फ्लो में बाधा उत्पन्न होती है। ब्लड फ्लो के इस प्रतिबंध से भविष्य में हृदय रोगों की संभावना बढ़ जाती है। खाने में पोषक तत्वों की कमी ऐलर्जी संबंधी बीमारियों को पनपने का मौका देती है।



**बीमारियों का भंडार है बर्गर** – बर्गर कैलरी, वसा और अतिरिक्त सोडियम से भरे होते हैं। ये सभी आपके स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं। एक बर्गर में 500 कैलरी, 25 ग्राम वसा, 40 ग्राम कार्ब्स, 10 ग्राम चीनी और 1,000 मिलीग्राम सोडियम होता है, जो आपको बीमार करने के लिए पर्याप्त है।